जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की प्रगति समीक्षा के सम्बन्ध में दिनांक 06.02.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत बैठक का कार्यवृत्त।

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में दिनांक 06.02.2026 को कलेक्ट्रेट सभागार में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा की गयी। समीक्षा बैठक में परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास विभाग, अधोहस्ताक्षरी के साथ सहायक अभियन्ता, अवर अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण), परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लिमिटेड हरदोई, जिला समन्वयक, जिला परियोजना प्रबन्धन इकाई (डी0पी0एम0यू0) व टी.पी.आई से QA/QC उपस्थित रहे। समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा निम्नवत् निर्देश दिये गये–

1. समीक्षा बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रगति विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि जनपद में कुल 143 योजनाएं ऐसी हैं जिनके ओवरहेड टैंक की प्रगति 75 से 99 प्रतिशत् के बीच है। संज्ञान में आया है कि भारत सरकार से जो बजट उत्तर प्रदेश सरकार को प्राप्त हुआ है उससे प्राथमिकता पर उन योजनाओं का भुगतान किया जाना है जिनकी प्रगति 90 प्रतिशत से अधिक है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि अधिक से अधिक योजनाओं के ओवरहेड टैंक का कार्य कराते हुए 91 प्रतिशत से 99 प्रतिशत की श्रेणी में ले जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

2. बैठक में अधोहस्ताक्षरी द्वारा प्रस्तुत आई0जी0आर0एस0 विवरण प्रस्तुत किया गया जिसमें पाया गया कि माह जनवरी 2026 में आई.जी.आर.एस. पोर्टल (Integrated Grievance Redressal System- समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली) पर कुल 1135 शिकायतें दर्ज हुई हैं जिसमें सड़क पुर्नस्थापना, नये पेयजल गृह संयोजन, पाइपलाइन लीकेज तथा जलापूति से संबंधित शिकायतें अधिक दर्ज पायी गयीं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा अधोहस्ताक्षरी एवं कार्यदायी संस्था एन.सी.सी. लिमिटेड के परियोजना प्रबंधक को निर्देशित किया गया कि जूनियर इंजीनियर एवं पम्प ऑपरेटर के साथ पूरी टीम को सक्रिय कर सड़क पुर्नस्थापना, पाइपलाइन लीकेज की तत्काल मरम्मत करते हुए अवशेष एफ.एच.टी.सी. (क्रियाशील पेयजल गृह संयोजन) का अधिष्ठापन व नियमित रूप से क्लोरीन युक्त जलापूर्ति करना सुनिश्चित करें जिससे आई0जी0आर0एस0 पोर्टल पर शिकायतों को न्यूनतम किया जा सके।

(कार्यवाही– अधि0अभि0, जल निगम (ग्रामीण) / परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

3. जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 को निर्देशित किया गया कि जल जीवन मिशन मिशन के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में जिन योजनाओं पर पाइप लाइन हेतु विभिन्न प्रकार की सड़के यथा बी0ओ0ई0 सी0सी0, इण्टरलॉकिंग एवं बिटुमिन रोड

डिस्मेन्टल की गयी है उन सड़कों की स्थाई सड़क पुर्नस्थानापना का कार्य अति शीघ्र पूर्ण करा लिया जाये। इसके साथ ही ऐसी ग्रामीण पेयजल योजनाएं जिनमें नियमित रूप से क्लोरीन युक्त जलापूर्ति की जा रही है उनमें पाइप लाइन में होने वाले लीकेज को तत्काल मरम्मत तथा अवशेष पेयजल गृह संयोजन के अधिष्ठापन का कार्य पूर्ण किया जाना सुनिश्चित करें।

(कार्यवाही– परियोजना प्रबन्धक एन0सी0सी0 लि0 हरदोई।)

4. जिलाधिकारी महोदय द्वारा बैठक में उपस्थित जिला समन्वयक, डी.पी.एम.यू. से जल मूल्य वसूली के बारे में पूछा गया तो उनके द्वारा अवगत कराया गया कि विकास खण्ड अहिरोरी के ग्राम पंचायत नयागांव मुबारकपुर में कुल 500 लाभार्थियों से जल मूल्य शुल्क वसूला गया है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 को निर्देशित किया गया कि अगली बैठक से पूर्व प्रत्येक विकासखंड की कम से कम एक–एक ग्राम पंचायत से जल मूल्य शुल्क जमा करने हेतु सम्बन्धित को प्रेरित किया जाये जिससे ग्राम पंचायत को राजस्व मिल सके।

(कार्यवाही– जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0 हरदोई।)

Digitally signed by Navneet Singh
Date: 19-02-2026 19:59:20

(नवनीत सिंह)
अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।

अनुमोदित

Digitally signed by ANUNAYA JHA
Date: 23-02-2026 19:56:00

(अनुनय झा)
जिलाधिकारी
हरदोई।

अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), हरदोई।

पत्रांक 963 / का-70 / 244 दिनांक: 24/2/26

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. मुख्य विकास अधिकारी, हरदोई।
2. परियोजना प्रबन्धक, एन0सी0सी0, हरदोई को अनुपालनार्थ।
3. जिला समन्वयक, डी0पी0एम0यू0, हरदोई को अनुपालनार्थ।

24/02/2026

अधिशासी अभियन्ता
जल निगम (ग्रामीण)
हरदोई।